भ्रष्टाचार देश के प्रजातन्त्र व स्थिरता के लिए खतरा है। – यशोवर्द्धन आजाद

भ्रष्टाचार देश के प्रजातन्त्र व स्थिरता के लिए खतरा है तथा देश के समुचित विकास के लिए इस प्रकार के भ्रष्टाचार को दूर करना पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। सूचना का अधिकार भ्रष्टाचार को दूर करने का एक सशक्त माध्यम है। यह विचार **केन्द्रीय सूचना आयोग** के **सूचना आयुक्त श्री यशोवर्द्धन आजाद** ने **राजस्थान पुलिस अकादमी**, जयपुर तथा **ट्राँसपेरेन्सी इन्टरनेशनल इंडिया** के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित व्याख्यान के दौरान व्यक्त किये।

उन्होंने भ्रष्टाचार की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि के बारे में बताते हुए कहा कि कुशासन एवं भ्रष्टाचार साथ–साथ चलता है, अतः यदि हमे भ्रष्टाचार दूर करना है तो सुशासन की अवधारणा को लागू करना होगा। उन्होंने सूचना के अधिकार को विश्व का चौथा सबसे सशक्त कानून बताते हुए विषय **Sunshine Legislation** की संज्ञा दी तथा कार्य में पादर्शिता लाने हेतु इसे एक कारगर उपाय बताया। इस अवसर पर उन्होंने प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं को भी शान्त किया।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में **राजस्थान पुलिस अकादमी के निदेशक श्री राजीव दासोत** ने श्री यशोवर्द्धन आजाद का स्वागत करते हुए राजस्थान पुलिस अकादमी द्वारा प्रशिक्षण के क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों तथा अकादमी की विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी प्रदान की। उन्होंने हाल ही में राजस्थान पुलिस अकादमी द्वारा सूचना का अधिकार विषय पर आयोजित किए गए प्रशिक्षण की जानकारी देते हुए बताया कि सूचना का अधिकार न केवल प्रशासनिक

व्यवस्थाओं को पारदर्शी बनाता है अपितु समाज में विश्वास का माहोल बनाने में भी कारगर उपाय के रुप में परिलक्षित होता है।

इस अवसर पर **ट्राँसपेरेन्सी इन्टरनेशनल इंडिया** के **राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री आई सी श्रीवास्तव** ने राजस्थान पुलिस अकादमी तथा **ट्राँसपेरेन्सी इन्टरनेशनल इंडिया** की साझेदारी को एक उपलब्धि बताया तथा कहा कि सूचना के अधिकार के प्रशिक्षण समय समय पर आयोजित कर पुलिस अधिकारियों को इस विषय पर जागरुक किया जा सकता है। **ट्राँसपेरेन्सी इन्टरनेशनल इंडिया** के **प्रदेश अध्यक्ष श्री जी एस होरा** ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस व्याख्यान के दौरान बडी संख्या में राजस्थान पुलिस अकादमी के अधिकारियों/प्रशिक्षकों, **ट्राँसपेरेन्सी इन्टरनेशनल इंडिया** के प्रतिनिधियों, अकादमी में प्रशिक्षणाधीन आरपीएस प्रशिक्षुओं तथा अन्य प्रतिभागियों ने भाग लिया।